गोल्ड कप टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला आज

बीकानेर। 31 वां राज्य स्तरीय मास्टर बच्ची गोल्ड कप टूर्नामेंट का सोमवार को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। रविवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में डीएफए हनुमानगढ़ ने इलायट जयपुर को पेनल्टी शूट आउट में मात देकर फाइनल में जगह बनाई। जहां उसका मुकाबला राजस्थान पुलिस बीकानेर के साथ होगा। सचिव भरत पुरोहित ने बताया कि दूसरा सेमीफइनल मैच डीएएफए हनुमानगढ़ व इलाइट जयपुर के मध्य खेला गया। दोनों ही टीमों के द्वारा बेहतरीन मैच प्रदर्शन किया।

मैच के 17 वें मिनट में हनुमानगढ़ के नीतीश मेहता के द्वारा 1 गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिलाई। वहीं पहले हाफ के 32 वें मिनट में पेनल्टी शूटआउट में इलायट जयपुर के जतिन ने 1 गोल करके टीम को बराबरी की।दूसरे हाफ की शुरूआत में हनुमानगढ़ के तौशिफ ने गोल करे 2-1 से अपनी टीम को बढ़त दिलाई। वही दूसरे हाफ के ही 24 वें मिनट में इलाइट जयपुर के युवराज ने शानदार गोल करके अपनी टीम को 2-2 से बराबरी में रखा। मैच पेनल्टी शूटआउट में हनुमानगढ़ 7-6 से विजय रहा। मैच के मुख्य अतिथि पूर्व फुटबाल खिलाड़ी मेघसिंह रहे। मैंन ऑफ द मैच का खिताब इलायट जयपुर के हिम्नीश को दिया।

बीकानेर शहर कांग्रेस कार्यालय में मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

- जिलाध्यक्ष मेघवाल ने किया ध्वजारोहण
- अधिकार संविधान का हिस्सा बने जिस से देश में सर्वधर्म समभाव की भावना जागृत हुई आज इस ऐतिहासिक दिवस पर मैं उन सभी महान विभूतियों को नमन करता हूँ

बीकानेर । अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर आज बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल ने पार्टी का ध्वज फहराकर वंदन कियाअपने अध्यक्षीय उद्धबोधन जिला अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल ने कहा कि आज बड़ा महत्वपूर्ण दिवस है जब हम ऐतिहासिक पार्टी के स्थापना दिवस को मना रहे है देश की एकता अखंडता सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता के लिए 1885 में कांग्रेस की स्थापना हुई और कांग्रेस द्वारा बनाए गए मौलिक अधिकार संविधान का हिस्सा बने जिस से देश में सर्वधर्म समभाव की भावना जागृत हुई आज इस ऐतिहासिक दिवस पर मैं उन सभी महान विभूतियों को नमन करता हूँ ।जिनकी बदौलत हमें आजादी मिली और आजाद भारत देश को मुख्यधारा में लाने वाले पार्टी के महापुरुषों को भी याद करते हुए नमन करता हूँ। जिनकी बदौलत भारत आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ा

आज देश का जो माहौल है उसमें हमारी महती जिम्मेदारी बन जाती है कि हम उन सभी मूल्यों और अधिकारों की रक्षा करें जिससे इस भारत की खूबसूरती बनी रही । भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिस तरह से इस देश के मजबूत ढांचे को कमजोर करना चाहते है आज के दिन हम प्रतिज्ञा लें कि भारत की संप्रभुता की रक्षा के लिए हम अपने महापुरुषों द्वारा बतलाए गए मार्गों का अनुसरण करते हुए भारत के सभी नागरिकों के हितों की रक्षा करेंगे और देश सेवा में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे

प्रदेश महासचिव हाजी जिया उर रहमान आरिफ ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कांग्रेस के सैद्धांतिक मूल्यों की खातिर हमें अपना योगदान देना होगा।पूर्व संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि स्थापना दिवस पर कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक अध्यक्ष जाकिर हुसैन नागौरी, पार्षद तथा अनुसूचित जाति विभाग के जि़लाध्यक्ष प्रफुल हटीला,पार्षद वसीम अब्बासी विजय सिंह शेखावत, अता हुसैन कादरी,महासचिव राहुल जादूसंगत तोलाराम सियाग, करणीसिंह राजपुरोहित,सचिव रामनाथ आचार्य सफी खान, ताहिर हसन कादरी, मंडल अध्यक्ष कमल किशोर साध, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण व्यास, मंडल अध्यक्ष मुबारिक हुसैन,मंडल अध्यक्ष निर्मल विश्नोई, ओबीसी प्रदेश महासचिव कमल कुमार नागल सचिव नवनीत कौर,शलिना खान अकरम अली, महबूब रंगरेज, डॉ.मिर्जा हैदर बेग, अता हुसैन कादरी, दिनेश मीणा, हरिप्रकाश वाल्मीकि,प्रेम कुमार दइ्या,रोहित पंडित, अरशद सिंधी,सुधीर चंद्र मेघवाल,गौरीशंकर गहलोत,मुकेश आचार्य, देवेंद्र राजपुरोहित, लक्ष्मीनारायण तंवर, अली राजा, ओम जनागल, सोनू मेघवाल, सहित कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे

जिला कांग्रेस कमेटी देहात जिलाध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी देहात, सूरज टॉकिज रोड़, रानी बाजार, बीकानेर में सुबह 10:30 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला संगठन महासिचव प्रहलादसिंह मार्शल ने सर्वप्रथम ध्वजारोहण करवाकर राष्ट्रगान किया तत्पश्चात केक काटकर कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाकर कांग्रेसजनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने हमेशा भारत के लोगों के कल्याण, सशक्तिकरण और समावेशी विकास के लिए काम किया है। कांग्रेस पार्टी ने भारत की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी, देश को आगे बढ़ाने का काम किया। वहीं, आज जब सत्ता में बैठे लोगों द्वारा देश में नफरत, अन्याय और अत्याचार को बढ़ावा दिया जा रहा है, तब भी हम पुरजोर तरीके से इसके खिलाफ लड़ रहे हैं। हम भारत के संविधान द्वारा गारंटीकृत राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों में समान अवसरों में दृढ़ विश्वास रखते हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 140 साल का गौरवशाली इतिहास, सत्य, अहिंसा, बलिदान, संघर्ष और देशभक्ति की महान गाथा बताता है। कांग्रेस स्थापना दिवस पर जिले के कांग्रेसजनों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

पूगल में वंचित किसान 31 दिसंबर तक बेच सकते मूंगफली

बीकानेर, जिलै पूगल में समर्थन मूल्य पर मूंगफली की खरीद के लिए जिंस तुलवाई की अवधि एक बार फिर बढ़ा दी गई है। अब वंचित किसान 31 दिसंबर, 2025 तक अपनी उपज की तुलवाई करवा सकेंगे।

यह निर्णय उन किसानों को एक और मौका देने के लिए लिया गया है जो पहले निर्धारित समय सीमा में अपनी जिंस की तुलवाई नहीं करवा पाए थे। इससे पहले, अवधि को 10 दिन बढ़ाकर 20 दिसंबर तक किया गया था, लेकिन कई किसान विभिन्न कारणों से इस अवधि का लाभ नहीं उठा सके। पूगल क्रय-विक्रय सहकारी समिति के व्यवस्थापक रामकिशन विश्नोई ने बताया कि पूगल खरीद केंद्र पर मूंगफली तुलवाई से वंचित किसानों को यह अतिरिक्त अवसर दिया जा रहा है। वे 31 दिसंबर, 2025 तक अपनी मूंगफली की तुलवाई करवा सकते हैं।विश्नोई ने बताया, पूगल खरीद केंद्र पर अब तक 550 पंजीकृत किसानों को मूंगफली तुलवाई के लिए संदेश भेजे गए थे, जिनमें से 477 किसानों ने अपनी उपज तुलवा ली है। केंद्र पर कुल 52,419 बोरी मूंगफली की खरीद समर्थन मूल्य पर की जा चुकी है और इसे वेयरहाउस में जमा करवा दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि 19 दिसंबर तक मूंगफली तुलवाने वाले किसानों का भुगतान खातों में जमा कर दिया गया है।

सार-समाचार

अमृत भारत स्टेशन पर भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन

सूरतगढ़ । यहा रेल विकास संघर्ष समिति सदस्यों ने अमृत भारत स्टेशन पर भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन किया। सूरतगढ़ के अमृत भारत स्टेशन पर रविवार को रेल विकास संघर्ष समिति और शहर के प्रमुख नागरिकों ने 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पोस्टर लगाकर धरना दिया। उन्होंने रेलवे के वाणिज्यिक विभाग के उच्च अधिकारियों पर मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया।नागरिकों ने रेलवे के सर्कुलेटिंग एरिया में एकत्र होकर नारे लगाए और रेलवे कॉमशिय्यल विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई। समिति ने आरोप लगाया कि उच्च अधिकारी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का अपने स्वार्थ के लिए दुरुपयोग कर रहे हैं। इससे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने का मूल उद्देश्य विफल हो रहा है और योजना आम जनता तक नहीं पहुंच पा रही है। प्रदर्शनकारियों ने स्टेशन अधीक्षक हरिशंकर त्यागी के माध्यम से उत्तर पश्चिम रेलवे महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें दोषी अधिकारी के तत्काल निलंबन की मांग की गई है। समिति ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 7 जनवरी को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सामने इसी तरह का बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही, अनियमितता में शामिल अधिकारियों के नाम सार्वजनिक कर उनके निलंबन की मांग भी जोड़ी जाएगी।धरने में संयोजक दर्शन भगत परणामी, भाजपा नेता नरेंद्र घिटाला, अध्यक्ष मास्टर रामप्रताप खोरवाल, संयोजक साहब राम स्वामी, दुलाराम डूडी, बद्री बिनानी, सतपाल गोदारा, सुरेंद्र कोठारी, श्याम सोमानी, उमेश मुद्गल, पवन शर्मा, धर्मवीर सैनी, सुशील जैन, नरेंद्र ओझा, धर्मवीर शर्मा, हनुमान सिसोदिया, प्रभु दयाल सिंधी, सिकंदर खान, मुरलीधर पारीक, मखुशाह, रामस्वरूप, अशोक आहूजा, खूबचंद नायक, हनुमान सिंह, किशन लाल सिंधी, राजाराम धांधल, भवानी शंकर भोजक, भंवर बारिया, रामप्रताप मेघवाल, राहुल शर्मा एवं जिलाध्यक्ष एड. ललित किशोर शर्मा सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

अनूपगढ़ में तीन स्थानों पर लगेंगी हाई मास्ट लाइट

अनूपगढ । यहा नगरपालिका प्रशासन ने शहर के तीन प्रमुख स्थानों - अब्दुल कलाम स्टेडियम, दशहरा मैदान और सब्जी मंडी में हाई मास्ट लाइट लगाने की योजना तैयार की है। इस परियोजना पर 23 लाख रुपए की अनुमानित लागत आएगी और इसे जल्द ही क्रियान्वित किया जाएगा। अब्दुल कलाम स्टेडियम में सुबह-शाम घूमने आने वाले नागरिकों और खिलाडियों को अब बेहतर रोशनी में सुरक्षित माहौल मिलेगा। वहीं, दशहरा मैदान में शाम होते ही अंधेरा होने के कारण असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने की आशंका रहती थी, जिसे अब दूर किया जा सकेगा। सब्जी मंडी में हाई मास्ट लाइट लगने से विक्रेताओं और आमजन दोनों को सुविधा और सुरक्षा का लाभ मिलेगा। यह कदम इन सार्वजनिक स्थलों पर गतिविधियों को बढ़ावा देगा और सुरक्षा सुनिश्चित करेगा। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) अभय कुमार मीणा ने बताया कि इस प्रकाश व्यवस्था के पूर्ण होने के बाद शहर के प्रमुख स्थल दूधिया रोशनी से जगमगा उठेंगे। उन्होंने परियोजना की लागत और शीघ्र कार्यान्वयन की जानकारी दी। नगरपालिका प्रशासक सुरेश राव ने कहा कि यह परियोजना न केवल शहर की सुरक्षा बढ़ाएगी, बल्कि इसके सौंदर्यीकरण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। उन्होंने नागरिकों को दिन-रात सुरक्षित और सुदृढ़ रोशनी का अनुभव कराने की प्रतिबद्धता जताई। इसी क्रम में, शहर में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को भी दुरुस्त किया जा रहा है। शुरुआती चरण में गौरव पथ तहसील के सामने की खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक किया गया है। इसके बाद अन्य खराब स्ट्रीट लाइटों की सूची मांगी गई है, जिन्हें जल्द ही सही करवाया जाएगा। साथ ही, जिन स्थानों पर नई स्ट्रीट लाइटों की आवश्यकता है, उन्हें चिह्नित कर वहां भी लाइटें लगवाई जाएंगी।

4 बस्तियों में चिकित्सा परामर्श शिविर

बीकानेर,।28 दिसम्बर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मार्कण्डेय नगर की चार सेवा बस्तियों में रविवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य चेतना शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने रक्तचाप आदि की जांच की तथा विभिन्न आयु वर्ग के रोगियों स्वास्थ्य को उतम रखने के लिए परामर्श दिया तथा रोगियों के स्वास्थ्य संबंधी जिज्ञासाओं को दूर किया। मार्कण्डेय नगर के सेवा प्रमुख अनिल शर्मा ने बताया कि रामदेव बस्ती का रामदेव मंदिर परिसर,रामपुरा में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.शंकर लाल जाखड़, पाबू बस्ती के सामुदायिक भवन में डॉ. अश्विनी रावत,, प्रताप बस्ती के सियाराम गुफा में आयोजित स्वस्थ चेतना एवं परामर्श शिविर में डॉ.रवि गिरी, अम्बेडकर बस्ती का जस्सूसर गेट के बाहर मालियों के मोहल्ले में शिविर में कोठारी अस्पताल के फिजिशियन डॉ.विनोद असवाल तथा कान, नाक व गला रोग विशेषज्ञ डॉ.अविरल असवाल ने वरिष्ठ महिला पुरुषों व युवाओं व बच्चों में उतम स्वास्थ्य रखने के बारे में परामर्श दिया। डॉ.विनोद असवाल ने 45 लोगों का रक्तचाप जांच कर खान-पान में ध्यान रखने, नियमित भ्रमण करने तथा क्रोध और तनाव से बचने की सलाह दी।

रबी फसलों के बीमा की अंतिम तिथि 31 तक

बीकानेर । प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी-2025 के लिए जिले में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी अधिसूचित है। संयुक्त निदेशक कृषि मदनलाल ने बताया कि ऋणी किसान 31 दिसंबर तक अपनी फसलों का बैंक के माध्यम से बीमा करवा सकेगे। अपनी फसलों में परिवर्तन करवाने के इच्छुक किसान 29 दिसंबर तक बैंक में लिखित में दे सकते हैं। गैर ऋणी कृषक सीएससी के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज बैंक डायरी, जमाबंदी, आधार कार्ड, बुवाई प्रमाण पत्र तथा किरायेदार फार्मर इन दस्तावेज के अलावा मूल निवास प्रमाण पत्र, भूमि मालिक आधार कार्ड एवं व 100 के नॉन ज्यूडिशियल स्टांप पेपर पर किरायानामा स्वयं प्रमाणित समस्त दस्तावेज प्रस्तुत कर बीमा करवा सकते हैं।सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत ने बताया कि जिले के किसान जौ, चना, गेंहू, मेथी, जीरा, तारामीरा व इसबगोल फसल के बीमा करवा सकते हैं।

खाद्य मंत्री गोदारा ने लूणकरणसर में दर्जनों कार्यों का किया शिलान्यास व लोकार्पण

- सामूदायिक भवन भी शामिल है

बीकानेर,। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा लूणकरणसर क्षेत्र के दौरे पर रहे।उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास कर ग्रामीणों के अनेक सौगातें दी।गोदारा ने पीपेरा में 15 लाख रुपए की लागत से निर्मित सार्वजनिक सामुदायिक भवन, 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित नाथ समाज के सामुदायिक भवन व पंचायत परिसर में 11 लाख रुपए से निर्मित टीन शैड मय कोटा स्टोन कार्य का लोकार्पण किया। पीपेरा गांव में ही रेलवे गेट से अंडर ब्रिज तक 18 लाख रुपए की लागत से 1 किलोमीटर सड़क के नवीनीकरण के कार्य व पीपेरा रेलवे गेट से रेलवे अंडरब्रिज तक 34 लाख रुपए से 1 किलोमीटर मिसिंग लिंक सड़क का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में गत दो वर्षों में प्रदेश में रिकॉर्ड विकास कार्य हुए हैं। जिनसे आमजन को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि आज लगातार नई सड़कें बन रही हैं। अस्पतालों में सुविधाओं की बढ़ौतरी हुई है। स्कूलों में संसाधन बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार लूणकरणसर विधानसभा क्षेत्र के लिए भी अनेक कार्य स्वीकृत हुए हैं।

गोदारा ने रामबाग में रामबाग से राणीसर तक 2 कि.मी. सड़क का शिलान्यास किया। इस कार्य पर 66.50 लाख रुपए व्यय होंगे। उन्होंने मुख्य गुवाड़ में पार्क का लोकार्पण किया। इस कार्य पर 11 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। उन्होंने रामबाग गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की चार दीवारी का लोकार्पण किया। इस पर 10 लाख रुपए की व्यय हुए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि लंबे समय से ग्रामीणों द्वारा रामबाग से राणीसर तक की सड़क की मांग की जा रही थी। यह सड़क बनने से आमजन का आवागमन सुलभ होगा। उन्होंने निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूलों की आधारभूत सुविधाओं का लाभ बच्चों को मिले, इसके लिए अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को अधिक से अधिक पढ़ाएं। उन्होंने कहा कि लूणकरणसर को विकसित बनाने में कोई कसर नहीं आने दी जाएगी।

खाद्य मंत्री ने घेसुरा गांव में उप स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास किया। इस पर पर 55 लाख रुपए व्यय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के चिकित्सा के क्षेत्र में सर्वाधिक कार्य किए हैं। जिससे आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं मिलने लगी हैं। उन्होंने महाजन वॉटर वर्क्स डिग्गी सफाई, फिल्टर भवन मरम्मत व सीसी ब्लॉक का लोकार्पण किया। इन कार्यों पर 47 लाख रुपए खर्च किए गए। महाजन के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 25 लाख रुपए से निर्मित मोर्चरी रूम व सीसी ब्लॉक का शिलान्यास किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आधुनिक लैब का शिलान्यास किया। इस कार्य पर 77 लाख रुपए खर्च होंगे। गोदारा ने ढाणी छिल्ला में 27 लाख रुपए की लागत से निर्मित ट्यूबवैल का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। आने वाले बजट में जिले को और कई सौगातें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता से किए वादे पूरे किए हैं। आज प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी ।

दुनिया भर की करेंसी देखने प्रदर्शनी में पहुंचे हजारों लोग

बीकानेर, यहा गंगाशहर रोड स्थित अग्रवाल भवन रविवार को किसी मेले से कम नहीं दिखा। बीकाणा न्यूमिस्मैटिक सोसायटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बीकानेर मुद्रा महोत्सवें में शहर ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों से हजारों लोग दुनिया भर के दुर्लभ सिक्के, नोट और ऐतिहासिक दस्तावेज देखने उमड़ पड़े।

सुबह से शाम तक अग्रवाल भवन की ओर लोगों की निरंतर आवाजाही बनी रही और हर आयु वर्ग के लोग प्रदर्शनी में रुचि लेते नजर आए। प्राचीन सभ्यताओं के सिक्कों से लेकर आधुनिक दौर की करेंसी तक, हर कालखंड की मुद्राओं ने दर्शकों को इतिहास की यात्रा कराई। शुक्रवार से शुरू हुआ यह तीसरा मुद्रा महोत्सव रविवार को अपने अंतिम दिन में प्रवेश करेगा, ऐसे में दूसरे दिन उत्साह अपने चरम पर रहा। चेन्नई से आए संग्रहकर्ता मानक चंद जैन ने बताया कि मुद्रा संग्रह सिर्फ शौक नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी है।

जैन समाज ने खेल के साथ संस्कार और एकता का संदेश दिया

- मुकाबले में जैन स्कूल अग्रणी

नोखा । जैन समाज नोखा द्वारा आयोजित नवकार प्रीमियर लीग-2 क्रिकेट प्रतियोगिता ने क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। इस आयोजन में खेल भावना, अनुशासन और आपसी भाईचारे का प्रदर्शन हुआ। प्रतियोगिता में कुल 6 रोमांचक मुकाबले खेले गए।

नवकार प्रीमियर लीग-2 में कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। ये प्रतियोगिता नवकार भवन ग्राउंड, आशीर्वाद बालाजी मंदिर के पीछे आयोजित की जा रही है। सभी खिलाड़ी पारिवारिक भाव, अनुशासन और बेहतरीन खेल कौशल के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं।

दिन के पहले मुकाबले में जैन स्कूल स्ट्राइकर्स ने जीत दर्ज की, जिसमें विक्की सेठिया को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में राइजिंग स्टार नोखा विजयी रही और अरिहंत भूरा मैन ऑफ द मैच बने। तीसरे मुकाबले में नमो चैलेंजर्स ने जीत हासिल की, जिसमें लूणावत को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

चौथे मुकाबले में दीपक मोबाइल टीम ने जीत दर्ज की और दीपक बारडि़या मैन ऑफ द मैच रहे। पांचवें मुकाबले में कांकरिया वॉरियर्स ने जीत हासिल की, जिसमें मुकेश कांकरिया को मैन ऑफ द मैच का सम्मान मिला। दिन के छठे और अंतिम मुकाबले में विक्ट्री फाइटर्स विजयी रही और नीरज बैद को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

आयोजन को सफल बनाने में नवकार कमेटी की भूमिका अहम रही। कमेटी सदस्य अमित लालानी, राकेश पींचा, रवि कांकरिया, पंकज भूरा, पीयूष भूरा, राजीव बोथरा, रजत संकलेचा, अभिषेक कांकरिया, ललित गोलछा और ज्ञानचंद लूणावत ने सक्रिय योगदान दिया। गौतम लूणावत, शिकर चंद, इंद्रचंद पींचा, भंवरलाल-विमला देवी पारख और मनिता बोथरा सहित समाजबंधुओं के सहयोग से प्रतियोगिता सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुई।

कृष्ण पर अटूट विश्वास के चलते मीरा पी गई विष का प्याला : साध्वी जयंती

बीकानेर, दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक माखनभोग उत्सव कुंज पूगल रोड, बीकानेर में श्री कृष्ण कथा आयोजन किया गया है। कथा के प्रथम दिवस पर कथा व्यास पर विराजमान साध्वी जयंती भारती ने मीरा प्रसंग सुनाया जिसमें उन्होंने बताया कि मीराबाई का जन्म मेड़ता के राजघराने में हुआ और बचपन से ही वे कृष्ण भक्त थीं। उनकी मां ने उन्हें कृष्ण की मूर्ति दिखाकर कहा कि 'यही तुम्हारे दूल्हे हैं'', और मीरा ने कृष्ण को अपना पति मान लिया। उनका विवाह मेवाड़ के महाराजा भोजराज से हुआ।

मीराबाई ने संसार से विरक्त होकर कृष्ण भक्ति में लीन रहना चाहा। उन्होंने सच्चे गुरु की तलाश की और संत रैदास उनके गुरु बने, जिन्होंने उन्हें भक्ति का मार्ग दिखाया। उनके पति की मृत्यु के बाद मीरा ने सांसारिकता छोड़कर भक्ति मार्ग को अपना लिया जिस वजह से उन्हें विषम परिस्थितियों से गुजरना पड़ा। मीरा को विष दिया गया परन्तु मीरा का श्री कृष्ण पर अटूट विश्वास था जिस वजह से वह विष भी अमृत बन गया अर्थात् भक्त का विश्वास उसे हर विषम परिस्थिति से बाहर निकल ही लेता है। साध्वी ने बताया कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा संतुलन-तू है शक्ति प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है जिसमें हम महिलाओं को वैचारिक रूप से सशक्त बना रहे हैं। संतुलन महिलाओं के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव और हिंसा के उन्मूलन के लिए काम करता है।

सहदेवड़ा अध्यक्ष मनोनीत

बीकानेर, 28 दिसम्बर। मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार भवन,रानी बाजार बीकानेर की कार्यकारिणी की रविवार को हुई सभा में सर्व सम्मति से संस्थापक ट्रस्टी, गणेश लाल सहदेवडा सोनी को अध्यक्ष,लीलाधर बुटण सोनी को सचिव तथा मांगी लाल कूकरा सोनी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। निर्वतमान अध्यक्ष बद्री नारायण सोनी ने नए अध्यक्ष गणेश लाल सहदेवड़ा को अपना पद भार संभलवाया।

इस अवसर पर मैढ़ क्षत्रिय सोनी ट्रस्ट के मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार भवन के वरिष्ठ ट्रस्टी शिव कुमार मांडण, प्रेम डांवर, गोपाल भ्रूण तथा संजय बुटण सहित 25 में से उपस्थित 17 ट्रस्टियों ने भवन के विकास के बारे में चर्चा की तथा नई कार्यकारिणी को शुभकामना दी । उन्होंने पिछले 10 वर्षों से विभिन्न पदों में सेवाएं देने वाले निर्वतमान अध्यक्ष बद्री नारायण डांवर के कार्य, व्यवहार तथा सामाजिक सेवा की प्रशंसा की।

रेंज के चारों जिलों में चेन स्नैचिंग 100 प्रतिशत बढ़ी

- हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म घटने से पुलिस को मिली राहत
- 24 में 19605 मुकदमे दर्ज हुए थे

बीकानेर, रेंज के चारों जिलों में हत्या, लूट, डकैती, दुष्कर्म जैसे गंभीर अपराधों के मुकदमों की संख्या कम हुई है जो पुलिस के लिए राहत की बात है। लेकिन, चेन स्नेचिंग 100 प्रतिशत बढ़ गई है।बीकानेर रेंज के बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू जिलों में वर्ष, 23 से 24 और 25 के दौरान तुलनात्मक रूप से गंभीर अपराध के पुलिस थानों में मुकदमों की संख्या कम हुई है।

नवंबर तक के आंकड़ों के यह हालात पुलिस को राहत देने वाले हैं। पुलिस रिकॉर्ड से मिली जानकारी के मुताबिक बीकानेर रेंज के चारों जिलों में पिछले तीन सालों में कुल मुकदमों की संख्या लगातार कम हुई है। वर्ष, 23 में 20313 और 24 में 19605 मुकदमे दर्ज हुए थे जबकि वर्ष, 25 में 17852 मुकदमे ही दर्ज हुए हैं। इस साल वर्ष, 23 की तुलना में 2461 और 24 की तुलना में 1753 मुकदमे कम दर्ज हुए हैं। इसमें भी चेन स्नचिंग को छोड़ दें तो आंकड़ों में लगभग सभी गंभीर अपराधों के मुकदमे कम दर्ज हुए।

चेन स्नेचिंग के आंकड़ों ने चौंकाया है। पिछले दो सालों में चेन स्नेनिंग का चारों जिलों में एक भी मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। वर्ष, 25 में 32 मुकदमे दर्ज हो गए जिससे 100 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई। कुल मिलाकर बीकानेर रेंज में वर्ष, 23 से 25 में 12.12 प्रतिशत और 24 से 25 में 8.94 प्रतिशत अपराध कम दर्ज हुए हैं।

वर्ष 23 में 16140, 24 में 20104 और 25 में 25968 कार्यवाही की गई जो 60.89 प्रतिशत बढ़ी है।

वही महिला अत्याचार में वर्ष 23 में 4289, 24 में 3887 और 25 में 4184 मुकदमे दर्ज हुए। 2.24 प्रतिशत कमी। इसी तरह एससी-एसटी अत्याचार में वर्ष 23 में 1385, 24 में 1331, 25 में 1092 मुकदमे दर्ज हुए। 21.16 प्रतिशत कमी।

कर्मचारियों की जयपुर में चेतावनी महारैली 12 जनवरी को

बीकानेर 28 दिसंबर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के तत्वावधान में 12 जनवरी को जयपुर में कर्मचारियों की विभिन्न मांगों के समर्थन में चेतावनी महारैली आयोजित होगी ।रैली को सफल बनाने के लिए महासंघ की बीकानेर शाखा की तैयारी बैठक जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज लेघा की अध्यक्षता में कर्मचारी मैदान में रविवार को संपन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष पृथ्वीराज लेघा ने बताया कि 14 दिसंबर को जयपुर के चेतन महा अधिवेशन में लिए निणय्र के अनुसार महासंघ के 11 सूत्री मांग पत्र के समर्थन में व सात संकल्पों को पूरा करने के लिए 12 जनवरी को जयपुर में कर्मचारियों की विशाल रैली आयोजित की जाएगी। सात संकल्पों में पदोन्नति विसंगति दूर करवाना एवं 8, 16, 24, 32 वर्ष की सेवा पर चयनित वेतनमान, वेतन विसंगति दूर करने की मांग की ।

करणीसर भाटियान में 37 दिन में काट डाले खेजड़ी के 601 पेड़, सोलर कंपनी बेखौफ

- अब एसडीएम के समक्ष परिवाद पेश कर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। खेजड़ी के मामले में पिछले तीन-चार साल से यही होता आ रहा है। बिश्नोई समाज लगातार आवाज उठा रहा है, लेकिन लगता है प्रशासन और सरकार को सुनाई नहीं दे रही।

बीकानेर । सोलर प्लांट लगाने के लिए जंगल साफ हो रहे हैं और प्रशासन चैन की नींद सो रहा है। करणीसर भाटियान में एक ही सोलर प्लांट की लीजधारी जमीन पर 37 दिन में खेजड़ी के 601 पेड़ काट दिए गए। कार्यवाही के नाम पर केवल पटवारी ने फर्द रिपोर्ट तहसीलदार को पेश की है। अब टेनेंसी एक्ट में जुर्माना वसूल कर मामला रफा दफा कर दिया जाएगा।

करणीसर भाटियान में मैसर्स देशराज सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने 300 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाने के लिए किसानों से 2280 बीघा जमीन लीज पर ले रखी है। 25 दिसंबर की रात करीब 500 बीघा में खेजड़ी के 92 पेड़ काट दिए गए। सूचना मिलने पर दूसरे दिन सुबह वन विभाग की टीम और पटवारी मौके पर पहुंचा। मौका रिपोर्ट तैयार का पेड़ जब्त कर लिए गए। यहीं पर 13 दिसंबर की रात 91 पेड़ और 20 नवंबर की रात 418 पेड़ काटे गए थे। सभी की मौका रिपोर्ट तहसीलदार को सुपुर्द कर दी गई है।

अब एसडीएम के समक्ष परिवाद पेश कर जुर्माने की कार्यवाही की जाएगी। खेजड़ी के मामले में पिछले तीन-चार साल से यही होता आ रहा है। बिश्नोई समाज लगातार आवाज उठा रहा है, लेकिन लगता है प्रशासन और सरकार को सुनाई नहीं दे रही। गौरतलब है कि इस प्लांट पर मई में 179 पेड़ काटे गए थे। परिवादी चांद सिंह ने जीतू सिंह, कालूसिंह, श्रवणसिंह, गणेशसिंह सहित 50 अन्य के खिलाफ पूगल थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। जांच तत्कालीन एसएचओ पवन सिंह ने की, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। मुकदमा अब तक पेंडिंग हैं करणीसर भाटियान में मैसर्स देशराज सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की लीज पर मई में 179 खेजड़ी के पेड़ काटे गए थे। पूगल एसडीएम ने टेनेंसी एक्ट के तहत प्रति पेड़ 100 रुपए के हिसाब से जुर्माना वसूला। इसके साथ ही कंपनी से शपथ पत्र लिया गया कि एक पेड़ की जगह दस पेड़ लगाने होंगे। नए पेड़ लगाने तो दूर उसके बाद खेजड़ी के 601 पेड़ काट डाले गए। शपथ पत्र का उल्लंघन करने पर कंपनी के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही अब तक नहीं हो पाई है। जीव रक्षा संस्था के अध्यक्ष मोखराम बिश्नोई ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को ज्ञापन भेजकर खेजड़ी की कटाई पर पूर्ण प्रतिबंध लगाते हुए कठोर कानून बनाने की